Publication: National Sandesh
Date: 07.09.2015
Page:07
Headline: Students in the city win the TCS IT Wiz 2015

टीसीएस आईटी विज 2015 के विजेता बने शहर के छात्र

नागपुर, 7 सितंबर. विभिन्न स्कूलों से छात्रों ने टीसीएस आईटी विज, जो कि भारत का सबसे बड़ा इंटर स्कूल क्विज होता है, के नागपुर संस्करण में हिस्सा लिया, जिसे अग्रणी आईटी सेवा प्रदाता, कंसल्टिंग एवं बिजनेस सॉल्यूशंस टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा शुक्रवार 4 सितंबर को सिविल लायंस स्थित एमएलए हॉस्टल के सामने डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल में आयोजित किया गया. टीसीएस आईटी विज में कक्षा 8-12 में पढ़ने वाले सभी हाईस्कूल के छात्र हिस्सा लिया. इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं था. क्षेत्रीय स्तर के फाइनल में क्विज के 5 राउंड के बाद और जो विजेता बने. इस वर्ष क्षेत्रीय विजेता को एक-एक आईपैड एयर दिया गया जबकि उपविजेता बनने वाले स्कूल को एक-एक आईपैड मिनी दिया गया, साथ ही विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी और पदक भी प्रदान किया गया. प्रारंभिक दौर की लिखित परीक्षा के बाद क्षेत्रीय स्तर के फाइनल में जगह बनाने वाले 6 प्रतियोगियों को भी टीसीएस की ओर से ढेर सारे पुरस्कार दिए गए, जिनमें लैपटॉप बैग, हेडफोन से लेकर ब्लूटूथयुक्त सेल्फी स्टिक, सिपर और यूएसबी पेनड्राइव शामिल हैं. टीसीएस के इंटरनल आईटी एवं शेयर्ड सर्विसेज के वाइस प्रेसीडेंट और ग्लोबल हेड तथा हमारे विशिष्ट अतिथि श्री आलोक कुमार के द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए.